हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 15 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 बिना किताबों के स्कूल जा रहे हैं बच्चे नया सत्र शुरू...



12 राजिम संगम में उमड़ा आस्था का जन सैलाब कुलेश्वर...








सीटी स्केन की सुविधा अब आपके नगर के
सीटी स्केन सेंटर
लक्ष्मी नारायणा हॉस्पिटल, छुरा
24 घंटे उपलब्ध
पवन पेट्रोल पंप के पास, नगर पंचायत छुरा, जिला गरियाबंद संपर्क करें : 9754134785, 8085101083





प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
B.COM
B.Sc (CS/IT)
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25


## हादसा : नवापारा-रायपुर मार्ग पर पारख पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा

# दो बाइक की सीधी टक्कर में 3 की मौके पर मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा थाना क्षेत्र में एक बार फिर एक भीषण सड़क दुर्घटना सामने आई है। यह दर्दनाक हादसा एक ढाबे और पेट्रोल पंप के बीच हुआ, जहां दो मोटरसाइकिलें आमने-सामने टकरा गईं। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

■ हसदा से ये कारीगर नवापारा सामान खरीदने आए थे

दुर्घटना की खबर मिलते ही घटनास्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नवापारा थाने से टीआई दीपेश जायसवाल और पुलिस के जवान तुरंत मौके पर पहुंचे। घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां नर्सों ने उनका इलाज शुरू किया। हादसे की गंभीरता को देखते हुए, खून से लथपथ घायल दर्द से कराह रहे थे और उनके शरीर से काफी खून बह चुका था। घायलों के चेहरे और विभिन्न अंगों पर गंभीर चोटें आई थीं। खून से सने घायलों को देखकर अस्पताल में मौजूद सभी लोग सहम गए थे। मृतकों में से एक का नाम लिलेश्वर साहू बताया गया है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। शेष तीन घायलों में से वीरेंद्र साहू नामक युवक को रायपुर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, धमतरी के खरतुली गांव से पांच लोग वेंकटेश, वीरेंद्र साहू, लिलेश्वर साहू और दो अन्य युवा हसदा के गणेश साहू के यहां पुट्टी पेंट का काम करने आए थे। हसदा से ये कारीगर नवापारा सामान खरीदने आए ▶▶| शेष पेज 10 पर





### स्थानीय लोगों में आक्रोश

इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश एक बार फिर नेशनल हाईवे और लोक निर्माण विभाग पर फूट पड़ा है। लोगों का कहना है कि सड़क चौड़ीकरण तो कर दिया गया, लेकिन कहीं पर भी स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए गए हैं, जिसके कारण लोग शहर से निकलते वक्त भी पूरी रफ्तार में गाड़ी दौड़ाते हैं और इस तरह की दुर्घटनाएं आए दिन हो रही हैं।

# 5 साल के संघर्ष के बाद मुरहा को मिला लिखित आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर स्थित खरीपथरा गांव के मुरहा नागेश को अपनी जमीन के लिए पिछले पांच सालों से कलेक्ट्रेट के चक्कर काटने के बाद आखिरकार प्रशासन से लिखित आश्वासन मिल गया है। यह आश्वासन तब मिला जब उन्होंने अपने परिवार के साथ आत्मदाह की धमकी देते हुए भूख हड़ताल शुरू की और मामला मीडिया में आया। सोमवार सुबह, मुरहा नागेश अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट के सामने भूख हड़ताल पर बैठ गए। उनकी मांग पुरानी थी: /"साहब, मेरी जमीन लौटा दो! लेकिन इस बार आत्मदाह की चेतावनी ने पूरे सिस्टम को हिला दिया। लगभग 12 घंटे की भूख, पसीना और गर्मी के बाद, देर शाम 8 बजे गरियाबंद प्रशासन ने उन्हें लिखित आश्वासन दिया। मैनपुर एसडीएम ने कहा कि इस बार काम पक्का होगा, यानी एक बार फिर वही संदेश थोड़ा और इंतजार कीजिए, इस बार सच में होगा।

### थानेदार ने खिलाई मिठाई भूख हड़ताल खत्म

गरियाबंद थाना प्रभारी ओपी यादव ने खुद आगे आकर मुरहा नागेश परिवार की भूख हड़ताल मिठाई खिलाकर खत्म करवाई। इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सिस्टम भूख से नहीं, बल्कि खबर और दबाव से जागता है, यह बात अब हर आम आदमी जान गया है।

**रिश्वत का आरोप, जमीन आज भी दूर-** मुरहा नागेश का आरोप है कि पिछले 5 सालों में उन्होंने राजस्व विभाग को 4 से 5 लाख रुपये तक की रिश्वत दी है, फिर भी न तो उन्हें अपनी जमीन मिली, न ही न्याय। 7.5 एकड़ जमीन वाला यह परिवार आज किराए के घर में जीवन यापन कर रहा है, और अपनी खुद की जमीन पर बस सपना ही देख रहा है। इस खबर को हरिभूमि अखबार ने दो दिन पहले प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था, जिसके बाद ही प्रशासन हरकत में आया।

## खबर संक्षेप

### नशेड़ी ने सब्जी दुकान में घुसाई बाइक, पिटाई

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में सोमवार को सप्ताहिक बाजार लगा हुआ था और दोपहर 1 बजे के आसपास शराब के नशे में धुत्त एक युवक ने तेज रफ्तार मोटर साइकिल सीधा सब्जी दुकान में घुसा दिया जिससे सब्जी दुकान में हड़कंप मच गई। सप्ताहिक बाजार होने के कारण सड़क किनारे सब्जी दुकान लगा था और युवक तेजगति से आ रहा है था अनियंत्रित होकर सीधा वाहन सब्जी दुकान में घुसा दिया जिससे आसपास के लोगो ने युवक की जमकर धुनाई की और युवक के द्वारा माफी मांगने पर मामला शांत हुआ।

### राजिम में नेत्र जांच शिविर आज

**राजिम।** नगर के पटेल पारा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन 15 जुलाई सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक एमजीएम नेत्र आंख अस्पताल रायपुर टीम द्वारा एवं पार्षद वार्ड क्रमांक 3 जानकी पटेल व नगर पंचायत राजिम के विशेष सहयोग से रंग मंच में किया जा रहा है। जिसमें आंखों की जांच, मोतियाबिंद, ऑपरेशन, जांच, आंख में आंसू आना चश्मे की नंबर की जांच एवं निशुल्क चश्मा वितरण किया जायेगा। यह जानकारी पटेल समाज के जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने दी।

### फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**गरियाबंद।** शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। जिले के खरीफ वर्ष 2025 के लिए बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को बीमा कम्पनी के रूप में अधिकृत किया गया है। कलेक्टर बी.एस. उईके द्वारा जिला के कृषकों से निर्धारित तिथि तक अपने फसलों का बीमा कराने की अपील की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के फसल के बाधित रोपाई, रोपण जोखिम, स्थानीय आपदाओं - (ओलावृष्टि, बादल का फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली) फसल कटाई के उपरांत होने वाले नुकसान से फसल को होने वाली क्षति के विरूद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। खरीफ वर्ष 2025 मे जिले के लिए अधिसूचित फसले धान, उडद, मूंग, मूंगफनी, कोदो,कुटकी ▶▶| शेष पेज 10 पर

# सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट के आधे बल्ब बंद, क्रेडा विभाग निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित विकासखण्ड क्षेत्र के कई स्थानों पर लाखों रुपए खर्च कर सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट लगाई गई है लेकिन इसे लगाने के बाद न तो निर्माण एजेंसी दे रहा है और न ही जिम्मेदार क्रेडा विभाग जिसके चलते अधिकांश स्ट्रीट लाईट के आधे बल्ब बंद पड़े हुए है। लगातार शिकायत के बाद क्रेडा विभाग निसक्रिय बने हुए है। मैनपुर क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद कलेक्टर से फरियाद लगाई है कि क्रेडा विभाग को निर्देशित किया जाए कि सभी स्ट्रीट की सुधार कर बारिश के दिनों में लोगों को राहत दिलाया जाए।

### आज से गरीबनाथ तालाब के पास शिवपुराण कथा प्रारंभ



**फिंगेश्वर।** नगर गरीबनाथ तालाब वार्ड नंबर 13 मे 15 जुलाई से 22 जुलाई तक भव्य शिवपुराण कथा का अयोजन गरीबनाथ सेवा समिति की ओर से किया जा रहा है।शिवपुराण जितेन्द्र कुमार पांडेय ग्राम सौंगा जिला धमतरी होंगे। 15 जुलाई को प्रथम दिन कथा का प्रारंभ कलश यात्र एवं देव प्रतिष्ठा महात्म होगा। 16 जुलाई को कथा प्रारंभ ज्योर्तिलिंग की स्थापना,17 जुलाई को नारद मोह रूद्राक्ष की महिमा,18 जुलाई को सती चरित्र, दक्ष कथा, पार्वती जन्म, 19 जुलाई को शिव पार्वती विवाह, गणेश कार्तिकेय जन्म,20 जुलाई को कैलाश संहिता की कथा, 21 जुलाई को सातय उन्तर्य की कथा एवं 22 जुलाई को रूद्राभिषेक, आरती पूजा हवन प्रसादी होगा। कार्यक्रम मे प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग अभिशेक होगा। गरीबनाथ सेवा समिति के द्वारा लोगों को अधिक से अधिक संख्या मे इस कार्यक्रम मे पुण्य की भागीदारी बनने आमंत्रित किया है।

# तटबंध नहीं होने से ग्राम रावनाभाटा के किसान त्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत टेगनाबासा के आश्रित ग्राम रावनाभाटा के किसान के खेतों को हर साल नदी का पानी किनारों से टकराकर मिट्टी को काटता है, जिससे खेत कट जाते हैं। यहां समस्या हर साल किसानों को भुगतना पड़ रहा है। नदी के किनारे से लगा हुआ खेतों में जहां नदियां तेज़ बहती है या बाढ़ आती है। जिसके कारण खेतों में बने मेड़ पानी के टकराकर से मिट्टी को काटता है और खेतों को बर्बाद कर देता है। जिससे किसानों को अपने फसलों को बचाने में असहाय महसूस कर रहे हैं। किसान बिसनाथ साहू, बोधन साहू, नंदकुमार साहू, देवसिग ध्रुव, दशरथ सिन्हा, चमन साहू, दुकाल, गोवर्धन और देवनारायण ने बताया कि हर साल किसानों का खेत नदी में समा गया, खेत के साथ साथ बहुमूल्य पेड सागोन हर साल गिरते आ रहें हैं, अब तक 35 से 40 पेड़ नदी में बह चुके हैं। नदी में तटबंध बनाने के लिए यहां के किसानों ने मंत्री, सांसद, विधायक से लेकर विभागीय अधिकारियों को गुहार लगा चुके हैं मगर अभी तक किसानों की दुःख दर्द सुने वाला ▶▶| शेष पेज 10 पर



# मैनपुर में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ा स्कूली बच्चे सर्दी-खांसी-बुखार की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मौसम मे उतार चढ़ाव के चलते मौसमी बिमारियो का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है और लोग इन मौसमी बिमारियों के चपेट मे आने लगे है, अचानक तेज धूप बारिश बदली के चलते लोगों के सेहत पर विपरित असर देखने को मिल रहा है, शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित निजी अस्पतालों मेडीकल स्टोरों मे भीड़ देखी जा रही है, अधिकांश लोग खासकर छोटे बच्चे और उम्र दराज लोग सर्दी, खांसी, बुखार के चपेट मे आ रहे है कई लोगो को उल्टी दस्त के साथ बुखार और मलेरियां तथा टाईफाइड के मरीजो की संख्या बढ़ गई है, सरकारी अस्पताल मे प्रतिदिन 150 से ज्यादा मरीज इन बिमारियों के आ रहे है, इन दिनों मच्छर और मक्खियों के पनपने से लोग मौसमी बिमारियो के चपेट मे आ रहे है तो ग्रामीण क्षेत्रे मे लोगो को शुद्ध पेयजल नसीब नही हो पा रहा है आज भी कई ग्रामों में लोग नदी नाले झरिया का पानी पी रहे हैं ऐसे गांवों में स्वास्थ्य विभाग को कैंप लगाकर बिमारियों का ईलाज किया जाना चाहिए। मैनपुर क्षेत्र में पिछले एक पखवाड़े तक रूक रूक कर हुई बारिश के बाद तेज धूप गर्मी उमश से लोग बेचैन हो गये है साथ ही सर्दी खांसी, बुखार, टाईफाईड के मरीजो की संख्या बढ़ गई है अस्पताल में सुबह से देर रात तक मरीजो का भीड़ देखने को मिल रहा है। खासकर स्कूली छात्र – छात्रएं सर्दी खांसी बुखार के चपेट में आ रहे है आज मैनपुर अस्पताल लगभग 30 से 35 छात्र –छात्रएं ▶▶| शेष पेज 10 पर



### टाईफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ी

इन दिनो निजी और सरकारी अस्पताल मे बुखार टाईफाइड के मरीजों की संख्या ज्यादा देखने को मिल रही है। इस संबंध में डॉक्टरों से चर्चा करने पर वे कहते है कि दुषित जल के सेवन टाईफाइड मरीजों की संख्या बड़ी है डॉक्टरों द्वारा पानी को उबालकर पीने की सलाह दिया जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर बारिश होने से जगह -जगह पानी का जमाव लग गया है जिसके कारण मच्छर पनप रहे हैं और लोग अनेक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं।

## नगरवासी व मोहल्ले के श्रद्धालु मिलकर अभिषेक में शामिल हुए

# जय भोले सेवा समिति ने किया सहस्त्र जलधारा अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



शहर के वार्ड क्रमांक 16, श्री रामजानकी पारा में जय भोले सेवा समिति और मोहल्लेवासियों ने मिलकर सहस्त्र जलधारा अभिषेक का भव्य आयोजन किया। इस दौरान महादेव के दिव्य अभिषेक और पूजन-अर्चना के माध्यम से भक्तों ने अपनी गहरी आस्था प्रकट की। सुबह से ही नगरवासी और मोहल्ले के श्रद्धालु मिलकर सहस्त्र जलधारा अभिषेक में शामिल हुए। मंत्रोच्चारण और भक्ति से पूरा वातावरण उल्लास से भर गया। भक्ति के इस महापर्व में हर वर्ग और हर उम्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसने हमारी धार्मिक एकता और संस्कृति की जड़ों की गहराई को एक बार फिर साबित कर दिया। जय भोले सेवा समिति का उद्देश्य केवल धार्मिक पूजन ही नहीं था, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधना, आपसी प्रेम, सहयोग और सेवा भाव को फिर से जागृत करना भी था। कार्यक्रम के अंत में समिति द्वारा प्रसादी वितरण किया गया। इस आयोजन से न केवल धार्मिक चेतना को बल मिला, बल्कि मोहल्ले में सामुदायिक सहयोग और भाईचारे की भावना भी मजबूत हुई।

### भगवान फणीकेश्वरनाथ में श्रद्धालुओं ने की पूजा



**फिंगेश्वर।** सावन के प्रथम सोमवार को नगर के प्राचीन ऐतिहासिक शिव मंदिर फणीकेश्वरनाथ में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर भगवान से अपने जीवन के खुशहाली के लिए कामना की। श्रद्धालु हाथों मे श्रीफल के साथ फूल,बेलपत्र आदि लेकर मंदिर मे दाखिल होकर भगवान के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारी देवानंद गोस्वामी ने मंदिर परिसर मे बाल्टी लेकर भक्तों को दिया भक्त बोरिंग से पानी भर–भरकर लाते रहे और जलाभिषेक किया। भगवान के दर्शन करने नगर सहित अंचल के शिवभक्त पहुंचते रहे। इसी प्रकार शुक्रवार को सावन मास के लगने पर भी श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुचकर दर्शन किए थे। सोमवार को सुबह के समय अधिक भीड़ रहा उसके बाद दोपहर में भीड़ में कमी नजर आई। कांवेरियों ने जलाभिषेक के लिए भगवान के मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया।



# मैनपुर से 12 श्रद्धालुओं का दल अयोध्या रवाना

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के अंतर्गत, मैनपुर विकासखंड क्षेत्र से 12 श्रद्धालु आज, सोमवार को श्रीराम लला के दर्शन के लिए अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। जनपद पंचायत मैनपुर में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा और भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्वेता वर्मा, पंचायत इंस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, एडिशनल सीईओ डीएस नागवंशी, हुलारसिंह ठाकुर, बोध पटेल, पतिराम साहू, लिबास पटेल, त्रिवेणी पटेल, कृष्ण कुमार, पद्मिनी पटेल, ओमप्रकाश पटेल, अनुसुइया पटेल, जयश्री ठाकुर, शैल सिंधु, रोहिणी, कंवलीबाई, लीलाबाई, वर्षा ठाकुर, शालिनी ग्वाले सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

# व्यापम ने पूछा-जल का घरेलू स्रोत, बुलडोजर की खासियत, काली मिट्टी से क्यों नहीं बनाते नींव?

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत इंजीनियर के रिक्त पदों के लिए भर्ती परीक्षा रविवार को आयोजित की गई। व्यावसायिक परीक्षा मंडल को इस परीक्षा के लिए 22 हजार आवेदन मिले थे। इनमें से 80 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिलाई। पीडब्लयूडी के अंतर्गत उपअभियंता के 113 पदों पर भर्ती होनी है। इसमें सिविल इंजीनियर के 96 तथा विद्युत-यांत्रिकी के 17 पद शामिल हैं। उक्त परीक्षा में अभ्यर्थियों की उपस्थिति पिछली भर्ती परीक्षाओं से अधिक रही। केंद्रों के रिक्त रहने अथवा विद्यार्थियों से अधिक संख्या अभ्यर्थियों के रहने जैसी स्थिति निर्मित नहीं हुई।

परीक्षा पूर्व जांच के लिए अभ्यर्थियों को एक घंटे पूर्व बुलाया गया था। सभी केंद्रों में जैमर लगाए गए थे। राजधानी रायपुर के केंद्रों में नकल प्रकरण अथवा किसी तरह की अव्यवस्था संबंधित शिकायत खबर लिखे जाने तक सामने नहीं आई थी। गौरतलब है कि इस भर्ती परीक्षा के दौरान बिलासपुर में एक अभ्यर्थी को नकल करते हुए पकड़ा गया है।

### इस तरह के सवाल

- निर्माण संबंधित विस्तृत ब्यौरा देकर पूछा कि उक्त निर्माण में छड़ों की दूरी कितनी होनी चाहिए।
- क्षैतिज बीम को क्या कहते हैं?
- काली दोमट मिट्टी नींव के लिए अनुपयुक्त क्यों होती है?
- ब्रिक्स में बने फ्रॉग्स अर्थात ईंटों के मध्य बने छोटे से गड्ढे का क्या उपयोग होता है?
- कितने बड़े मिट्टी के कण के लिए छलनी लागू होती है?
- जल का सबसे आम घरेलू स्त्रोत क्या है?
- सीमेंट किसके साथ मिलकर गिला क्रंकीट बनाता है?
- बुलडोजर की विशेषता, संघनन ऊर्जा, कंक्रीट मिक्सचर सहित निर्माण कार्य संबंधित सवाल भी पूछे गए।



- व्यापम को मिले थे 22 हजार आवेदन, 80% रही उपस्थिति
- इंजीनियर भर्ती परीक्षा : सिविल के 96 और विद्युत-यांत्रिकी के 17 पदों के लिए निकाले गए थे विज्ञापन

### कुछ रोचक, कुछ ने उलझाया

सिविल इंजीनियर भर्ती परीक्षा में पूछे गए भवन निर्माण से जुड़े सवाल रोचक रहे। कई ऐसे तकनीकी सवाल भी रहे, जिसने अभ्यर्थियों को परेशान किया। विद्युत-यांत्रिकी भर्ती परीक्षा में भी यही स्थिति रही। इसकी तुलना में सिविल के सवाल अधिक सरल रहे। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के अनुसार, जिन सवालों में तकनीकी पक्ष की अधिकता थी, उन्हें हल करने में समय लगा। सामान्य जानकारी जिन सवालों के जरिए पूछी गई, उनमें अधिक वक्त नहीं लगा क्योंकि इनका स्तर औसत था। अभ्यर्थियों से 100 सवाल पूछे गए। एक ही पाली में यह परीक्षा हुई।

## खबर संक्षेप



### चालीहा महोत्सव की शुरुआत 16 से, ब्रोशर का विमोचन

**रायपुर।** सिंधी समाज रायपुर और थावानी परिवार द्वारा 16 जुलाई से भव्य चालीहा महोत्सव मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम अहमदाबाद के साईं शेहरा वाले के सानिध्य व आशीर्वाद से होगा। इसी कड़ी में रविवार को चालीहा महोत्सव के ब्रोशर का विमोचन किया गया। यह महोत्सव 40 दिनों तक चलने वाला एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जो भगवान झूलेलाल को समर्पित है। इस महोत्सव के दौरान सिंधी समुदाय के लोग भगवान झूलेलाल की पूजा करते हैं और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, जिससे साधना करने वालों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मौके पर साईं शेहरा वाले दरबार के सेवादारी महेश रोहरा, मुकेश थावानी, सुभाष बजाज व तनेश आहूजा ने बताया कि विमोचन के अवसर पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, महेश दरयानी, बलराम आहूजा, कैलाश बालानी, विकास रूपरेला, कैलाश खेमानी, प्रहलाद शादीजा, अनिल लाहौरी, राजू चंदनानी, मनीष पंजवानी आदि उपस्थित थे।

### मिनीमाता स्मृति दिवस और प्रतिभा सम्मान 11 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद व गुरुमाता स्व. मिनीमाता की 53वीं पुण्यतिथि 11 अगस्त को स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। साथ ही सतनामी समाज के 10वीं और 12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों और उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में आयोजित सतनामी समाज की बैठक में लिया गया। आयोजन समिति संरक्षक शकुन डहरिया, अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने तय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी में मुख्य आयोजन 11 अगस्त को वृंदावन हॉल में होगा, जहां माताजी की अनुकरणीय कार्यों को यादकर उनकी स्मृति में मंगल भजन और संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व समाजजन पंडरी पुराना बस स्टैंड स्थित मिनीमाता की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेंगे। बैठक में डॉ. जेआर सोनी, डीएस पात्रे, सुंदरलाल जोगी, चंपादेवी गेंदले, जीआर बाघमारे, आशा पात्रे, संगीता पाटले, गोंदा बारले, ममता कुर्रे, सुमन गीत घृतलहरे, सरस्वती राघव, शुभांजली गायकवाड़, मोतीलाल टंडन सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

### पीआर यादव अध्यक्ष उमेश बने महामंत्री



**रायपुर।** बिलासपुर स्थित प्रार्थना सभा भवन में रविवार को पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन किया गया। इस अधिवेशन में निर्वाचन अधिकारी जीआर चंद्रा, सहायक निर्वाचन अधिकारी किशोर शर्मा द्वारा निर्वाचन विधिवत संपन्न कराया। इस निर्वाचन में पीआर यादव को प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री उमेश मुदलियार, प्रांतीय सचिव सीएल दुबे, आरपी सिंह उपाध्यक्ष तथा कोषाध्यक्ष के पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए।

### विधायक ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी का क्या होगा

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब विधायक ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी सुरक्षित कैसे होगा। छत्तीसगढ़ के आरंग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर 12 जुलाई को बेमेतरा जिले में अचानक पत्थरबाजी की गई, यह सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी चूक है।

## हवा-पानी में टूट कर बिखर गई बुजुर्गों के लिए बनाई बांस की झोपड़ी

# आक्सीजोन की बिगड़ी सेहत, हरे-भरे लॉन की जगह पर कंक्रीट बिछा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित आक्सीजोन की तबीयत बिगड़ गयी है, लोगों को खुले आसमान के नीचे सांस लेने शुद्ध हवा और आंखों को सुकून देने वाले पेड़ पौधों देखरेख के अभाव में सूखने लगे हैं। आकसीजोन में जिस जगह पर लोग जूते-चप्पल उताकर नंगे पांव हरी-भरी घासनुमा लॉन में इत्मीनान के साथ टहलने जाया करते, उस जगह को पाटकर कंक्रीटीकरण कर बाक्स क्रिकेट बनाया जा रहा है। इससे सीनियर सिटीजन और युवा नाखुश हैं।

बुजुर्गों के सुस्ताने के लिए बनाई गयी बांस के खपच्ची वाली झोपड़ी भी हवा-पानी में टूटकर बिखर गयी, इसे अब तक सुधारा नहीं गया है। वन विकास निगम ने ईएसी कालोनी स्थित 19 एकड़ जगह को संवारते हुए आक्सीजोन का स्वरूप दिया, पर उसकी देखरेख करने में नगर निगम फिसड्डी साबित हो रहा है।

### 19 एकड़ क्षेत्र में विकसित आक्सीजोन को संभाल नहीं पा रहा निगम





### पोखर की देखरेख नहीं, गंदगी पसरी, फौवारा भी नदारद

आक्सीजोन में प्राकृतिक रूप से पोखर विकसित कर वहां आकर्षक फौवारा लगाया गया, ताकि आने-जाने वाले लोग उस जगह की सुंदरता को करीब से देख सकें। एक सुंदर मछलीनुमा आकृति बनाई गई है, पर साफ-सफाई नहीं होने से बदरंग हो गयी है। परिसर में छोटा सा पुल भी बना है जिसे पार कर बच्चे व बुजुर्ग एक छोर से दूसरे छोर तक आ जा सकते हैं। इसमें लगायी गई लोहे की रैलिंग में जंग लग गयी है, नीचे हिस्से में लगाये गये लकड़ी के पटिये धंसकर गिरने लगे हैं। इससे बच्चों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। यही नहीं, फूलदार पौधे भी अब गिनती के रह गये।

### जंग खा रहे झूले और एक्सरसाइज के उपकरण

बच्चों के खेलकूद और स्वस्थ मनोरंजन के लिए आक्सीजोन में आकर्षक झूले और फिसल पट्टी की व्यवस्था की गयी है। इनमें से कुछ झूले में जंग लगना शुरू हो गया है। एक्सरसाइज के लिए लगाये गये इक्वीपमेंट के नट बोल्ट ढीले हो गए हैं। एक अरसे से इनकी मरम्मत नहीं करायी जा रही है। आक्सीजोन परिसर में निर्मित हनुमान मंदिर में प्रति शनिवार और मंगलवार को सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की ओर से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाता है। यहां सुबह-शाम बड़ी संख्या में वरिष्ठजन जुटते हैं। इसी तरह योग करने वालों की टीम अपने सदस्यों के साथ योग और प्राणायाम करने आती है। इससे आक्सीजोन परिसर में चहल-पहल बनी रहती है।

### नए सिरे से बनाएंगे बांस की झोपड़ी

आक्सीजोन परिसर में बांस से बनी झोपड़ी लोगों के विश्राम करने के लिए बनाई गई है, हवा में यह झोपड़ी टूटकर नीचे गिर गयी है, इसे नए सिरे से बनवाएंगे। इसके लिए स्वीकृति ले रहे हैं। बच्चे खड़े होकर क्रिकेट खेल सकें, इसके लिए बाक्स क्रिकेट बनवाया जा रहा है।

**- अरुण ध्रुव,** कमिश्नर, जोन क्रमांक 4, नगर निगम रायपुर



## प्रभु-दर्शन भवन का लोकार्पण आध्यात्मिक शांति का अद्भुत संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र श्यामनगर द्वारा निर्मित प्रभु-दर्शन भवन का लोकार्पण रविवार को भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुभ शुरूआत सेवा केंद्र प्रभारी ब्र. कु. शीला बहन के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने भवन की संकल्पना, निर्माण यात्रा एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि /"प्रभु दर्शन भवन न केवल ध्यान और आत्मिक शांति का केंद्र बनेगा, बल्कि यह समाज में नैतिकता, सेवा और सच्चाई के मूल्यों को पुनरुथापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आध्यात्मिकता से जुड़कर जीवन को संतुलित और उद्देश्यपूर्ण बनाएं।वही पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री चंद्रशेखर साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा की ब्रह्माकुमारी संस्था वर्षों से निःस्वार्थ सेवा और अध्यात्म के क्षेत्र में प्रेरणादायी कार्य कर रही है। प्रभु दर्शन भवन समाज में शांति, सहयोग और आत्मिक उन्नति का प्रतीक बनेगा। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में ऐसे सेवा केंद्रों के माध्यम से संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण में इस संस्था के विशेष योगदान को रेखांकित किया। प्रातः योग सत्र, दोपहर में आशीर्वचन तथा अंत में ब्रह्मा भोजन की व्यवस्था ने कार्यक्रम को पूर्णता प्रदान की। श्रद्धालुओं ने भवन परिसर में ध्यान व शांति की अनुभूति करते हुए भविष्य में पुनः आने की भावना व्यक्त की।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर फिंगेश्वर कृषि महाविद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, फिंगेश्वर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व और इसके उद्देश्यों के बारे में जागरूक करना था, ताकि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अपना योगदान दे सकें। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विश्व जनसंख्या दिवस के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ-स्वास्थ्य और मानवाधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी सत्येंद्र पाटले और शशिभूषण बरिहा ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व को गहराई से समझा। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने समाज और समुदाय में जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया गया।

### किशोरी का अपहरण कर जबरन मांग में सिंदूर भर किया रेप

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व किशोरी को झांसा देकर कार में अपहरण कर ले जाने तथा मांग में जबरन सिंदूर भर रेप करने तथा किशोरी को एयरगन से गोली मारने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में किशोरी का अपहरण करने का आरोपी युवक, उसका दोस्त तथा युवक का पिता शामिल है। किशोरी का अपहरण कर रेप करने के आरोप में सरगुजा निवासी किशोर गाईन, उसका पिता कन्हाई गाईन तथा विक्की उर्फ समर विश्वास को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। किशोरी की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि पिछले वर्ष 22 अप्रैल को किशोर अपने दोस्त के साथ उसके घर पहुंचा और उसकी बेटी को किशोर कार में सैर कराने के बहाने अपहरण कर अपने साथ ले जाकर कार में जबरन उसकी बेटी की मांग में सिंदूर भर उसे साथी शादी करने का झांसा देकर एक माह तक बंधक बनाकर घर में रेप किया।

## नव सृजन गायत्री परिवार ने रोपे बरगद, नीम व बादाम के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



नव सृजन गायत्री परिवार सुरसाबांधा द्वारा पिछले 8 वर्षों से निरंतर पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी ग्राम सुरसाबाँधा में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, समर्पण ग्रुप के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू, जनपद सदस्य सीमा शर्मा, शासकीय हाई स्कूल बरोंड़ा की प्राचार्य लालित अग्रवाल और ग्राम पंचायत सुरसाबाँधा के सरपंच घनश्याम साहू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बरगद, नीम और बादाम जैसे छायादार और औषधीय वृक्षों का रोपण किया गया।

**जनप्रतिनिधियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश-** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंदूलाल साहू ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, और वर्तमान जलवायु संकट से निपटने के लिए वृक्षारोपण ही सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक वृक्ष लगाने का आह्वान किया, क्योंकि यही सच्ची सेवा है। चंद्रशेखर साहू ने कहा कि ग्राम स्तर पर पर्यावरण चेतना फैलाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, और नव सृजन गायत्री परिवार का यह प्रयास अनुकरणीय है। सीमा शर्मा ने पेड़ों की कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी को आने वाली पीढ़ी के लिए वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा करनी चाहिए। प्राचार्या ललिता अग्रवाल ने जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत विद्यालयों से होनी चाहिए, और बच्चों में यह संस्कार डालना बेहद जरूरी है। मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का जिक्र करते हुए सभी से अपने घर-परिवार में खुशी के अवसरों पर पेड़ लगाकर उनकी सुरक्षा करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणजनों और नव सृजन गायत्री परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम साहू, उप सरपंच श्रीमती वर्मा, योगेश्वर साहू, खूबलाल साहू, रामाधार साहू, शिवदयाल वर्मा, जवाहर वर्मा, महेंद्र साहू, श्यामसुंदर साहू, जितेंद्र साहू, दशरथ वर्मा, मुकेश साहू, ताम्रध्वज साहू, माणिक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सासंद प्रतिनिधि से जनप्रतिनिधि ने मुलाकात की

**छुईहा बेलर।** महासमुंद लोक सभा सांसद रूपकुमारी चौधरी निवास ग्राम बसना पहुंचे। वहां सासद की अनुपस्थिति में सासंद पति व प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी से मिलकर क्षेत्र की समस्या और विकास कार्य पर चर्चा की। वहीं ओमकार चौधरी से सकारात्मक चर्चा उपरांत मिलने पहुंचे जनप्रतिनिधि आश्वस्त नजर आए। मुलाकात करने वालो में जिला पंचायत सभापति नंदनी ओंकार साहू , युवा भाजपा तुलाराम साहू,प्रतिनिधि सरपंच बेलर सुमन लेखराम रात्रे , दुजलाल साहू,सीमा साहू, राजा उपस्थित थे।



## पेज 9 के शेष...

### दो बाइक की...

थे और शाम करीब 7:15 से 7:30 बजे के बीच वापस लौट रहे थे, तभी रायपुर मेन रोड पर पेट्रोल पंप के पास यह गंभीर दुर्घटना हो गई। घटना कैसे और किस कारण से घटी, यह बता पाना अभी संभव नहीं हो पाया है।

**तेज रफ्तार और नशे की लत हादसों का प्रमुख कारण-** नवापारा शहर दिन-ब-दिन गंभीर दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है। इसका मुख्य कारण तेज रफ्तार ड्राइविंग और नशे में गाड़ी चलाना बताया जा रहा है। दो दिन पहले महानदी पुल पर हुई दुर्घटना में भी कार चालक के नशे में होने की जानकारी सामने आई थी। शहर में शाम होने के बाद तो नवापारा-छांटा मार्ग पर शराब दुकान आने-जाने वालों की रफ्तार जानलेवा हो जाती है। लोग स्वयं समझने को तैयार नहीं हैं; वे पूरी रफ्तार में गाड़ी चलाते हैं और दुर्घटना होने पर पुलिस और प्रशासन पर इल्जाम लगाते हैं। आखिर पुलिस भी कहां-कहां नजर रखे?

सोमवार शाम हुई इस दुर्घटना ने नवापारा शहर सहित आसपास के गांवों को झकझोर कर रख दिया है। इन लगातार हो रही दुर्घटनाओं को कैसे रोका जा सकता है, इस पर सभी को गंभीरता से चिंतन करने की आवश्यकता है।

### सौर ऊर्जा स्ट्रीट...

कोई नहीं है। कई बार अधिकारियों द्वारा नाप जोख भी किया गया मगर केवल खाना पूर्ति कर इति श्री कर लिया गया। एक कहावत चरितार्थ होती है ' जब तक खुद का मकान टपकने नहीं लगे, तब तक बारिश सभी को अच्छी लगती हैं, अगर ऐसी चलता रहा तो कई बीघा खेत, खेतिहर जमीन कुछ सालों में नदी समा जायेगा। नदी से हो रहें कटाव की भयावहता देखकर किसान डर के साये में अपने दिन गुजार रहे हैं। किसानों ने सरकार से अपनी कृषि भूमि को बचाने के लिए नदी के किनारे तटबंध (पिचिंग) बनाने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि नदी के तेज बहाव के कारण उनकी जमीन का कटाव हो रहा है, जिससे उनकी आजीविका ख़तरे में है। किसानों की यह मांग नई नहीं है। वे कई बार इस बारे में प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

### मैनपुर में मौसमी...

मौसमी बीमारी से त्रस्त होकर ईलाज कराने के लिए पहुंचे थे।

**पानी उबाल कर पिएं-** इस संबंध मे चर्चा करने पर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गजेन्द्र ध्रुव ने बताया कि इन दिनों सामान्य बुखार के साथ सर्दी खांसी के मरीज अस्पताल में ज्यादा पहंच रहे और स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों का उपचार किया जा रहा है। कहीं कोई परेशानी नहीं है। उन्होने लोगों से अपील की है कि बासी भोजन करने से बचे और पानी उबाल कर पिएं।

### फसल बीमा कराने...

रागी, मक्का एवं अरहर शामिल है। मुख्य फसल धान सिंचित के लिए प्रति हेक्टेयर 60 हजार रूपयें और धान असिंचित फसल के लिए 45 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर बीमित राशि निर्धारित की गई है। किसानों को कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा। धान सिंचित के लिए 1200 रूपये, धान असिंचित के लिए 900 रूपये, मक्का 920 रूपये, कुटकी 190 रूपये, कोदो 180 रूपये, मूंगफली 940 रूपये, मूंग 500 रूपये, उड़द 500 रूपये, अरहर 840 रूपये एवं रागी के लिए 1 प्रतिशत दर से 170 रूपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि तय किया गया है।

ऋणी और अऋणी दोनो प्रकार के किसान बीमा में शामिल हो सकते हैं। भू-धारक और बटाईदार किसान भी पात्र होंगे। अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए जिन किसानों को वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत या नवीनीकृत हुआ है, उन्हें योजना में अनिवार्य रूप से शामिल किया जाएगा। गैर ऋणी किसानों को बीमा आवरण में शामिल होने हेतु आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड की कॉपी, भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2), बैंक पासबुक, कृषक का वैद्य मोबाईल नम्बर, फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का घोषणा पत्र के साथ किसान अपने नजदीकी बैंक, वित्तीय संस्थान, ग्राहक सेवा केन्द्र (सीएससी) सेंटर के माध्यम से बीमा करा सकते है।

## अश्विन गर्ग बने कैट उद्योग के प्रदेश अध्यक्ष, राठी महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





- प्रदेशभर में कैट उद्योग का होगा विस्तार

अश्विन गर्ग कैट उद्योग के प्रदेश अध्यक्ष बनाये गये हैं। कैट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी को नई प्रदेश कैट उद्योग कार्यकारिणी गठन के लिए अधिकृत किया गया। श्री पारवानी के मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने रविवार को आगामी दो वर्षों के लिए प्रदेश कैट उद्योग का गठन किया। जल्द ही प्रदेशभर में कैट उद्योग का विस्तार किया जाएगा।

श्री गर्ग की नियुक्ति कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद चांदनी चौक, नई दिल्ली प्रवीण खण्डेलवाल की अनुशंसा पर की गयी। प्रदेश कैट उद्योग कार्यकारिणी के रूप में कैट उद्योग के प्रदेश अध्यक्ष अश्विन गर्ग और प्रदेश महामंत्री सूर्या प्रकाश राठी को नियुक्त किया है।

कैट, युवा कैट, महिला कैट एवं ट्रांसपोर्ट कैट के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री कैट उद्योग को हार्दिक बधाई दी है।

**खबर संक्षेप**



## पूर्व मंत्री ने सीएम साय से की मुलाकात

**नवापारा-राजिम।** पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्री साहू ने मुख्यमंत्री साय से छत्तीसगढ़ आधारित जनहित के विभिन्न मुद्दों पर सारगर्भित चर्चा किया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लिए गए, छत्तीसगढ़ में चारागाह की जमीन पर गौ अभ्यारण्य निर्माण और अटल नगर नवा रायपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेई की स्मृति में अटल स्मारक निर्माण के साथ-साथ प्रदेश के किसानों को नैनो डीएपी खाद वितरण करने आदि के निर्णय, पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस दौरान श्री साहू के साथ उनके सुपुत्र जिला मंत्री उत्पल साहू भी मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के चंदन प्रदेश प्रचार सचिव नियुक्त



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु की अनुशंसा से चन्दन सोनी (देवभोग) को प्रदेश प्रचार सचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री सोनी की सामाजिक सक्रियता, युवाओं में जागरूकता फैलाने की क्षमता और संगठन के प्रति निष्ठा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। संगठन को विश्वास है कि वे अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करेंगे और महासंघ को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

## किसानों को खाद बीज उपलब्ध कराने सरकार गंभीर नहीं : गेन्दु यादव

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के महामंत्री गेन्दु यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार न तो किसानो को पर्याप्त खाद बीज



उपलब्ध करा पा रही है और न ही स्कूलो में बच्चो को पुस्तक शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए एक माह हो गया है अभी तक क्षेत्र के स्कूलो में पर्याप्त पुस्तक नही पहुंच पायी है जिसके चलते पढ़ाई प्रभावित हो रही है साथ ही क्षेत्र में दर्जनो स्कूल भवन बेहद जर्जर हो गया है जान जोखिम में डालकर बच्चे पढ़ाई करने मजबुर हो रहे है। इस ओर न तो शिक्षा विभाग ध्यान दे रहा है न ही सरकार भाजपा के सरकार केवल शिक्षा के नीजीकरण को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है और सरकारी स्कूलो में पाठ्य पुस्तक भी नही पहुंचा पा रही है। श्री यादव ने कहा मैनपुर क्षेत्र के किसान डीएपी खाद के लिए लंबे समय से मांग कर रहे है न तो किसानो को पर्याप्त मात्र खाद मिल रहा है और न ही बीज मिल पा रहा है। भाजपा सरकार खाद बीज उपलब्ध कराने पूरी तरह असफल साबित हो रही है।

**विडंबना : बिना किताबों के कैसे हो होगी पढ़ाई, खाली बस्ता लेकर स्कूल जाने मजबूर**

# बिना किताबों के स्कूल जा रहे हैं बच्चे नया सत्र शुरू पर पाठ्यपुस्तकें गायब

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**

छत्तीसगढ़ में नया शैक्षणिक सत्र 16 जून से शुरू हो चुका है, लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र के दर्जनों सरकारी स्कूलों में अब तक पाठ्यपुस्तकें नहीं पहुंच पाई हैं। निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें न मिल पाने के कारण छात्र-छात्राएं खाली बस्ता लेकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है, और छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के संकुल केंद्र अमलीपदर और काण्डेकेला संकुल के लगभग 20 सरकारी स्कूलों सहित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों को भी अभी तक किताबों का वितरण नहीं किया जा सका है। हालांकि, नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही एक सप्ताह के भीतर मैनपुर में कुछ सरकारी किताबें पहुंच गई थीं और उनका वितरण आसपास के स्कूलों में किया जा चुका है, पर कई विषयों की किताबें अब भी नहीं मिली हैं। लेकिन मैनपुर के दूरस्थ क्षेत्रों जैसे अमलीपदर और काण्डेकेला संकुल केंद्रों के लगभग दो दर्जन स्कूलों में किसी भी विद्यार्थी को पुस्तक का वितरण नहीं किया जा सका है, क्योंकि इन क्षेत्रों के स्कूलों के लिए किताबें अभी तक मैनपुर पहुंची ही नहीं हैं। अभिभावक गजानंद मांझी, भूषण नेताम, देवेंद्र कुमार, लखन ध्रुव, संतोष ध्रुवा ने बताया कि वे बच्चों को नियमित स्कूल भेज रहे हैं, लेकिन अभी तक किताबें नहीं मिल पाई हैं। किताबों के अभाव में बच्चों को पढ़ाई समझ नहीं आ रही है, जिससे उनकी शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। अमलीपदर और काण्डेकेला क्षेत्र के स्कूलों में किताबें न पहुंचने से पालक और बच्चे दोनों चिंतित हैं। पालक समिति के सदस्य स्वयं पुस्तक वितरण केंद्रों पर फोन लगाकर संपर्क कर रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहे हैं। पालकों ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गरियाबंद जिले के कलेक्टर बीएस उइके से मांग की है कि अमलीपदर और काण्डेकेला क्षेत्र के स्कूलों में जल्द से जल्द सरकारी किताबें पहुंचाई जाएं, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

■ किताब के लिए पालकों ने मुख्यमंत्री व कलेक्टर से की मांग





### स्कूलों में ही नहीं पहुंची किताबें

सर्व शिक्षा अभियान, राजीव गांधी, मैनपुर ब्लॉक समन्वयक एसके नागे ने बताया कि मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के अमलीपदर और काण्डेकेला संकुल केंद्रों के स्कूलों में ही किताबें नहीं पहुंची हैं, बाकी जगह पुस्तक वितरण हो गया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही किताबें आएंगी, उनका वितरण कर दिया जाएगा। श्री नागे ने यह भी बताया कि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भी किताबों का वितरण नहीं किया जा सका है, क्योंकि वहां के लिए किताबें अभी तक आई ही नहीं हैं।



### पढ़ाई प्रभावित हो रही

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने राज्य की भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि शिक्षा सत्र को एक महीना होने वाला है, लेकिन बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों स्कूलों में अब तक सरकारी किताबें नहीं पहुंच पाई हैं, जिससे स्कूली छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। श्री ध्रुव ने कहा कि किसानों को खाद भी नहीं मिल पा रहा है और सरकार असफल साबित हो रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले को विधानसभा के पटल पर प्रमुखता से उठाएंगे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूलों में भी नहीं पहुंची पुस्तकें

प्रदेश में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए पिछली सरकार द्वारा सभी ब्लॉकों में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रारंभ किए गए हैं, लेकिन मैनपुर और अमलीपदर स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों में भी अभी तक एक भी किताब नहीं पहुंच पाई है, जबकि स्कूल खुले हुए एक महीना बीत चुका है। कई बार किताबों के लिए संपर्क किया जा चुका है, जिससे पालकों को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता सता रही है।

## नरेंद्र नौवीं बार बने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद**



जिले की न्यायिक बिरादरी में गुरुवार को संपन्न हुए जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र देवांगन ने लगातार नौवीं बार अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। वे पिछले 18 वर्षों से लगातार संघ के शीर्ष पद पर काबिज हैं, जो उनकी अटूट लोकप्रियता और कार्यकुशलता को दर्शाता है। इस बार के चुनावी मैदान में नरेंद्र देवांगन और वरिष्ठ अधिवक्ता शिवदयाल साहू के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। कुल 57 अधिवक्ताओं ने मतदान किया, जिसमें देवांगन को 33 मत प्राप्त हुए, जबकि शिवदयाल साहू को 24 मत मिले। मतगणना के दौरान दोनों पक्षों में गहमागहमी बनी रही और पुनः मतगणना भी करवाई गई, पर परिणाम में कोई बदलाव नहीं आया। 9 मतों के अंतर से देवांगन ने एक बार फिर जीत हासिल की।

**अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन-** संघ के कार्य संचालन के लिए अन्य पदों पर भी प्रतिनिधियों का निर्वाचन हुआ, जो इस प्रकार हैं:उपाध्यक्ष प्रशांत मानिकपुरी (निर्वाचित), सचिव प्रदीप लांबे (प्रतिस्पर्धात्मक मतदान से चयनित), कोषाध्यक्ष हेमराज दाऊ (प्रतिस्पर्धात्मक मतदान से चयनित), सहसचिव रमेश्वर निर्मलकर (निर्विरोध) देवभोग उपाध्यक्ष घनश्याम पात्र (निर्विरोध), जहां सहसचिव और देवभोग उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए, वहीं सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए उत्साहपूर्ण मतदान हुआ।



**भविष्य की योजनाएं अधिवक्ताओं के सशक्तिकरण पर जोर-** पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद नरेंद्र देवांगन ने आगामी कार्यकाल के लिए अपनी योजनाएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि वे न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और जागरूक बनाने के लिए निरंतर विधिक शिक्षा कार्यक्रमों की एक श्रृंखला शुरू करेंगे। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के अधिवक्ताओं के लिए विशेष कार्यशालाएं भी आयोजित की जाएंगी। देवांगन ने यह भी घोषणा की कि महिला अधिवक्ताओं के सशक्तिकरण और पूर्व अधिवक्ताओं (प्राक्तिनिधिक अधिवक्ताओं) को सम्मानित करने के लिए विशेष समारोह आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने दृढ़ता से कहा की हमारा प्रयास रहेगा कि गरियाबंद जिला अधिवक्ता संघ न केवल संख्या में, बल्कि कार्यक्षेत्र, गुणवत्ता और प्रभाव के दृष्टिकोण से भी पूरे प्रदेश में अग्रणी बने। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अधिवक्ता संघ भवन में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जहां वरिष्ठ अधिवक्ताओं और सदस्यों ने नरेंद्र देवांगन और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और उन्हें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## छुरा में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान का आगाज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा**



सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान 2025 के तहत भारत में स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए सरकार और समाज मिलकर अनेक प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान 2025" की शुरुआत की गई है। इसी के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयमें सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान का क्रियान्वयन किया गया, इसके उद्देश्य को बताते हुए मिथलेश सिन्हा ने कहा की लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा गंदगी के कारण फैलने वाली बीमारियों पर रोक लगाना है। एवं श्री सिन्हा के द्वारा सभी को शपथ भी दिलाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने अभियान का उद्देश्य को बताते हुए कहा कि घर, गली, मोहल्ला और शहर को स्वच्छ रखना।

कूड़ा-कचरा उचित स्थान पर डालना और उसके निस्तारण की व्यवस्था करना। मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया आदि से बचाव। लोगों को व्यक्तिगत स्वच्छता (हाथ धोना, साफ पानी पीना, शौचालय का उपयोग) के लिए प्रोत्साहित करना। खुले में शौच को पूरी तरह समाप्त करना। बीमारी से बचने के उपाय पानी जमा न होने दें, ताकि मच्छर न पनपें। नियमित रूप से हाथ धोएं, साफ-सुथरा भोजन खाएं।घर और आसपास की जगह को साफ रखें। कूड़े के डिब्बे को ढककर रखें। बच्चों को स्वच्छता के नियमों के बारे में समझाएं। कार्यकम में बच्चों को समाजसेवी शीतल ध्रुव द्वारा प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर सभापति रजनी लहरे, गरिमा ध्रुव, बलराज पटेल, पार्षद दीप्ति यादव, पी आई यू विष्णु निर्मकलर, समिति सदस्य नारायण पटेल, निखिल साहू, प्राचार्य कृष्णकुमार साहू, चंद्रवती सिन्हा, सीमा सिंह, रेखा प्रधान, नेहा जायसवाल, मधुबाला साहू, वंदना देवांगन, चंद्रप्रभा सेन, युवराज कंवर, मोहन ध्रुव, हुमेश्वरी ठाकुर, नागेंद्र देवांगन, लोकेंद्र, उत्तम, नरोत्तम, पूनम, भुखन, संतोष सोरी एवम छात्राएं मौजूद थे।

## भुवनेश्वर महादेव का सहस्त्रजलधाराभिषेक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम**

सावन के पहला सोमवार को नगर के सभी शिवालयों में शिव भक्तों की भीड़ देखने को मिली। सुबह से देर शाम तक शिव भक्त भोलेनाथ की भक्ति में डूबे रहे। नगर के थानापारा स्थित प्राचीन बाबा भुवनेश्वर नाथ महादेव में का सहस्त्रजलधाराभिषेक किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। मंदिर से करीब आधा किलोमीटर दूर पदमा तालाब से महादेव का जलाभिषेक करने जल लाया गया। महिला पुरुष सभी



लोग कतारबद्ध खड़े होकर मानव श्रृंखला बनाकर एक दूसरे के हाथों से जल भर बाल्टी को पहुंचाते हुए जलाभिषेक किया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। जलाभिषेक के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार का गुंजायमान होता रहा, बेदी पूजा में बैठे श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ की जलाभिषेक में शामिल होकर अपने आप को कृतज्ञ किया। इसके बाद भजन कीर्तन का आयोजन किया गया समिति के द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की गई थी और समिति के हर सदस्य लगे हुए थे।

## विधायक ध्रुव ने राहुल गांधी से की मुलाकात

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर**



छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजाति वर्ग के विधायकों एवं सांसदों ने दिल्ली में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात किया और कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया इसमें बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव भी विधायकों के दल के साथ दिल्ली में राहुल गांधी से मुलाकात कर उन्हे राजीव गांधी गोदग्राम कुल्हाड़ीघाट आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भुर्य, के राजू के अलावा राज्यसभा सदस्य फुलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, अमरजीत भगत, मोहन मरकाम, लाखेश्वर बघेल, विक्रम मंडावी, अंबिका मरकाम, शिवाजी राव मोघे एवं कांग्रेस विधायक शामिल थे।

**सेवानिवृत्त अधिकारी रामजी सिन्हा की सराहनीय पहल, जमाही में मुफ्त कोचिंग क्लास का संचालन**

# घर-परिवार बच्चों की प्राथमिक पाठशाला : रामजी सिन्हा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर**

शिक्षा का अलख जगाने के लिए ग्राम जमाही में सेवानिवृत्त अधिकारी रामजी सिन्हा ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने मुफ्त कोचिंग क्लास की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाना है। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र की उन छात्राओं के लिए फायदेमंद है, जो अपने गांव जमाही से चलकर छुईहा मिडिल स्कूल में पढ़ने जाती हैं, आर्थिक रूप से कमजोर हैं, या जिनके पास महंगी कोचिंग कक्षाओं तक पहुंच नहीं है। यह क्लास स्कूल में हुई आधी-अधूरी पढ़ाई की भरपाई करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है।

गायत्री ध्रुव, निकिता ध्रुव, आलेखी ध्रुव, तुलसी ध्रुव, दिगेश्वरी ध्रुव, पुष्पांजलि, लोकेश्वरी कारीगर जैसी छात्राएं इस क्लास का लाभ उठा रही हैं। वहीं, भेषमणि यादव की स्कूल पढ़ाई के लिए रामजी सिन्हा ने विशेष रूप से गोद लिया है, और उसे बैग, स्कूल ड्रेस, कॉपी जैसी सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इन सभी छात्रों को प्रतिदिन संध्या 6 से 7 बजे तक अध्यापन कराया जा रहा है, और उन्हें पेन-कॉपी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

सिन्हा साहब द्वारा अध्यापिका के तौर पर स्थानीय दो युवतियों का चयन किया गया है, जो कक्षा आठवीं तक के बच्चों को सुविधा युक्त कोचिंग कक्षाएं दे रही हैं। ग्राम के पालक इस पहल को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह शिक्षा के क्षेत्र में समानता लाने और छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने का एक शानदार तरीका है।

इस अभियान को सफल बनाने में पूर्व हाई स्कूल अध्यक्ष और शिक्षाविद् परदेशी राम सिन्हा ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मुफ्त कोचिंग कक्षाएं उन छात्रों के लिए शिक्षा को सुलभ बनाती हैं, जो अपनी पढ़ाई में मार्गदर्शन चाहते हैं। इससे उन्हें बेहतर ग्रेड प्राप्त करने और उनकी समझ में सुधार करने में मदद मिलती है, साथ ही वे आत्मविश्वास हासिल करते हैं और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना सीखते हैं।

### गुरु पूर्णिमा पर हुआ शुभारंभ

ग्राम जमाही में गुरु पूर्णिमा के पावन दिन इस कक्षा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम के जगदीश ध्रुव, रामेश्वर दिवान, राजकुमार यादव, डॉ. ताराचंद साहू, मुकेश ध्रुव, लोमिम ध्रुव, कांति ध्रुव, पालकगण, और संचालक रामजी सिन्हा, परदेशी राम सिन्हा, अध्यापिका मोनिका सिन्हा, दीपिका साहू और सोनम दिवान उपस्थित थे। रामजी सिन्हा ने उपस्थित लोगों के बीच उदाहरण देकर बताया कि कैसे एक पक्षी छोटे-छोटे तिनकों को चुनकर अपने घोंसले का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि ये छोटे-छोटे तिनके भले ही किसी काम के न लगते हों, पर इन्हीं से पक्षी एक सुंदर घोंसला बना लेता है, जो आश्चर्यचकित करता है। मनुष्य का जीवन भी एक घोंसले के समान है, जिसमें छोटे-छोटे कामों का वही महत्व है, जो एक पक्षी के लिए घोंसले का निर्माण करते समय



छोटे-छोटे तिनकों का है। उन्होंने आगे कहा कि बाल्यावस्था मनुष्य जीवन की आधारशिला है, यहीं से बच्चे के भविष्य का निर्माण शुरू होता है। इसके लिए जरूरी है कि छोटे बच्चों को छोटे-छोटे काम और छोटी-छोटी आदतों का परिष्कार इस प्रकार सिखाया जाए कि उनका व्यक्तित्व सुंदर और सुघड़ बने।

**बिजनेस साइट**

## 10 वर्षों से स्वास्थ्य सेवा को समर्पित श्री लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल

**छुरा।** नगर के विगत 10 वर्षों से श्री लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल का संचालन किया जा रहा है, क्षेत्र के सभी वर्गों का सहयोग मिलता है, वर्तमान में सीटी स्कैन सुविधा प्रारंभ की गई है जो एक उपलब्धि है। इस सुविधा के लिए मरीजों को यहां से 40 -50 किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ रहा था जिससे तन मन धन तीनो की अतिरिक्त खर्च हो रहा था उसे ध्यान में रखते हुए लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल में सीटी स्कैन के लिए सुविधा प्रदान



की गई है, अस्पताल के संचालक डॉक्टर ज्योति नारायण दुबे ने बताया कि पढ़ाई के समय से इच्छा थी कि वनांचल क्षेत्र में रहकर अपनों के बीच लोगों की सेवा हो आज इसी उद्देश्य को लेकर छुरा में अस्पताल का शुभारंभ किया गया और 10 वर्षों से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया गया है साथ ही साथ सोनोग्राफी, एक्स-रे, लैब, मेडिकल स्टोर एवं एम्बुलेंस की सुविधा प्रदान की जा रही है साथ ही साथ-साथ समय-समय पर रायपुर से विभिन्न लोगों के विशेषज्ञ को बुलाकर स्वास्थ्य जांच के कैंप भी लगाया जा रहा है जिससे किसी बड़ी बीमारी को जांच के माध्यम से प्रथम चरण में है उसे जाना जा सके और उसे समुचित इलाज मिल सके, उन्होंने कहा कि स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेफ्रोलॉजिस्ट, कैंसर, न्यूरो, स्पाइन सर्जन, गाइनेकोलॉजिस्ट सहित विशेषज्ञ डॉक्टर को समय-समय पर नगर में उपलब्ध कराया जाता है ताकि लोगों को इनसे मिलने के लिए और इलाज करने के लिए बड़े जगह पर जाने की जरूरत ना पड़े साथ-साथ उन्होंने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं से इलाज के लिए जो सुविधा प्रदान की जाती है।

## खबर संक्षेप



### सवनाही पर्व धूमधाम से बनाया गया

**राजिम।** किसान सेवा समिति द्वारा अच्छी फसल व पशुओं के अच्छे स्वास्थ्य को लेकर कामना करते हुए सवनाही पर्व मनाया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक किसान, यादव व पशुपालक मौजूद रहे। परंपरा के मुताबिक रविवार को किसानी काम बंद रखा गया।

### महिलाओं ने की महादेव की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सावन महीना का प्रथम सोमवार को महिलाओं ने भगवान महादेव की पूजा अर्चना की गई। मोनिका चंद्राकर ने कहा कि सावन महीना में भक्तों के लिए 4 सोमवार महत्वपूर्ण होते हैं। सोमवार के दिन महिलाओं ने भगवान महादेव की विशेष पूजा अर्चना करते हैं और सभी कष्ट दूर होते हैं। साथ ही जीवन में सुख-शांति बनी रहती हैं।

### प्रदेश में जब विधायक ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी कैसे होगा

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बिगड़ी कानून व्यवस्था पर कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जब विधायक ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी सुरक्षित कैसे होगा। छत्तीसगढ़ के आरंग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर 12 जुलाई 2025 को बेमेतरा जिले में अचानक पत्थरबाजी की गई, सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी चूक है। विष्णुदेव साय के सुशासन में कानून व्यवस्था फेल हो चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मैनपाट में मस्त, वित्त मंत्री ओपी चौधरी तमनार (रायगढ़) में मस्त और गृह मंत्री विजय शर्मा बस्तर में मस्त हैं। भाजपा के सभी मंत्री छत्तीसगढ़ को अडानी के हवाले करने में लगे हुए हैं और प्रदेश की कानून व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

### पेंशन प्रकरणों की समीक्षा के लिए बैठक आज


**महासमुंद।** संचालक पेंशन एवं भविष्य निधि रायपुर द्वारा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग द्वारा लंबित पेंशन प्रकरणों एवं आपत्तियां वाले पेंशन प्रकरणों की निरंतर समीक्षा की जा रही है। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यालय से संबंधित पेंशन प्रकरण जिसमे संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा दस्तावेजों की कमियों के कारण (रेगुलर केस/रिवाइज्ड केस) आपत्ति लगाए गए है। उन प्रकरणों में नियमानुसार आपत्ति, दस्तावेजों की कमियों को पूर्ति कर प्रकरण पुनः प्रेषित करें। संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर द्वारा पेंशन भुगतान आदेश जारी किये जा चुके है। किन्तु, विभागीय जानकारी के अभाव में पेंशन प्रकरण कोषालय स्तर पर लंबित है उक्त प्रकरणों में जानकारी पूर्ण कर पेंशन प्रकरणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए हैं। आगामी दो माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण यथाशीघ्र तैयार कर शासन के मंशानुरूप संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर को प्रेषित किए जाने कहा गया है।

**आस्था : मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक भोलेनाथ की जय के जयकारे गूंजते रहे**

# राजिम संगम में उमड़ा आस्था का जन सैलाब कुलेश्वर महादेव के दर्शन को पहुंचे हजारों भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सावन के पहले सोमवार को राजिम संगम स्थित कुलेश्वर महादेव मंदिर में शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से देर रात तक श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन के लिए पहुंचते रहे। नदी में पानी का स्तर कम होने के कारण भक्त पैदल चलकर भी मंदिर पहुंचे, वहीं लक्ष्मण झूला का भी खूब इस्तेमाल हुआ। राजिम और नवापारा दोनों शहरों से हजारों की संख्या में भक्त लक्ष्मण झूला पार कर मंदिर पहुंचे। दर्शन और पूजा के लिए अपनी बारी का इंतजार करते हुए भक्तगण चबूतरे पर खड़े रहे। एक-एक करके श्रद्धालु भीतर जाकर पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर बाहर निकलते रहे। सावन के पहले सोमवार को धूमधाम से पूजा करने की चाहत हर भक्त में साफ दिख रही थी। मंदिर परिसर में सुबह से देर रात तक भोलेनाथ की जय के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल थीं, जो पूरे उत्साह और भक्ति के साथ भोलेनाथ की आराधना कर रही थीं। नदी तट पर मंदिर के सामने नारियल, बेल पत्र, धतूरा के फूल और अन्य पूजा सामग्री की दुकानें सजी हुई थीं। दुकानदारों ने बताया कि इस बार बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने आए थे।









**विशिष्ट व्यक्तियों ने भी किए दर्शन**

सावन के पहले सोमवार को महंत राम सुंदरदास, नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकवारी-संजय साहू, पाडुका की जिला पंचायत की पूर्व सभापति लक्ष्मी साहू, किसान नेता चंद्रिका साहू सहित हजारों भक्तों ने भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की। सभी ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए मंगल कामना की।

**भीड़ को देखते हुए व्यवस्था**

मंदिर में अत्यधिक भीड़ को देखते हुए पुजारियों ने क्रमवार दर्शन की व्यवस्था की थी। हालांकि हर श्रद्धालु अधिक समय तक पूजा करना चाहता था, लेकिन भीड़ के कारण यह संभव नहीं हो पाया। महिलाओं और युवतियों की श्रद्धा देखते ही बन रही थी। गौरतलब है कि नदी के बीच स्थित कुलेश्वर महादेव की स्थापना माता सीता ने राम वन गमन के समय की थी। यही कारण है कि इस मंदिर की ख्याति देश और दुनिया भर में फैली हुई है।

## पैरी उद्गम भाटीगढ़, प्राचीन शिवालय में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर


जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूरी पर स्थित क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक स्थल भाठीगढ़ पर्वत श्रृंखला जिसकी पहचान पूरे राज्य के साथ साथ देश मे मां पैरी की उद्गम स्थली के रूप मे होती है क्षेत्र का प्रमुख ऐतिहासिक धर्म भूमि होने के साथ- साथ भाठीगढ़ पूरे प्रदेश भर मे आस्था का केन्द्र है। इस पवित्र व धार्मिक पृष्ठ भूमि भाठीगढ़ को देखने व जानने के लिए हर पर्व मे श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ती है सावन प्रारंभ होते ही शिव भक्तों का अपार सैलाब यहां उमड़ पड़ा है और चारो तरफ बोल बम के जयकारे लग रहे हैं सावन के अवसर पर प्रत्येक सोमवार को यहां मेला सा महौल देखने को मिलता है। आज सावन के प्रथम सोमवार को ही प्रदेश के कोने कोने से शिवभक्त बोल बम के जयकारे लगाते पूरी श्रद्धा के साथ कांवर मे पानी लेकर शिव को जलाभिशेक करने भाठीगढ़ की तरफ कूच करते देर शाम तक देखे गये जो अल सुबह भगवान शिव को जलाभिषेक कर विशेष पूजा अर्चना किया। पैरी उद्गम भाठीगढ़ में बहुत पुराना प्राचीन शिव मंदिर है जहां स्थापित शिवलिंग का आकार दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है इस शिव मंदिर को काफी प्राचीन व प्रसिध्द शिव मंदिर के रूप मे लोग जानते मानते है और यहां प्रदेश के कोने कोने से कांवरियां जलाभिशेक करने सावन माह भर पहुंचते है। यहां के पुजारी माखन दास वैष्णव ने बताया कि यह शिव मंदिर प्राचीन काल से है और इस मंदिर मे सभी धर्मो के लोग बड़ी संख्या मे पहुंचते है भगवान शिव सभी की मनोकामना पूर्ण करती है इसलिये प्रतिवर्श श्रध्दालुओ की संख्या बढ़ती जा रही है।



**सावन के पहले सोमवार को उमड़ा आस्था का सैलाब**

**जलाभिषेक करने उमड़े श्रद्धालु**

क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम में प्राकृतिक व प्राचीन शिवमंदिर है आपको यह जानकार आश्चर्यचकित होगा कि यहां प्राकृतिक शिवलिंग का आकार लगातार बढ़ता जा रहा है और यहां दूर -दूर से लोग जो भी मनोकामना लेकर पहुंचते है वह अवश्य पूरा होता है इसलिए सावन के महिने में यहां भारी भीड़ लगता है। कांवर लेकर जलाभिषेक करने हजारों की संख्या में भक्तगण पहुंचते है सावन के महिने में यहां अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।



भाठीगढ़ मे मां दंतेश्वरी, मां बम्हनीन, मां कालाकुंवर, मां भाठीगढ़ीन, मां शीतला, भगवान गणेश, राधाकृष्ण, जगन्नाथ स्वामी, हनुमान मंदिर के साथ अनेक देवी देवताओ के मंदिर है और यह क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल है जहां बारहो माह श्रध्दालुओ की भीड़ देखी जा सकती है। वहीं दूसरी ओर पहाड़ी के उपर मां पैरी मंदिर तक श्रद्धालुओ का सैलाब उमड़ पड़ता है जहां श्रद्धालुगण पहुंच मां पैरी की पूजा अर्चना कर पैरी के कुंड से जल को प्रसाद के रूप मे ग्रहण करते है। पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ चारो तरफ से पहाड़ी व घने जंगलों से घिरा हुआ क्षेत्र है पहाड़ी के ऊपर लगभग 800 फीट उंचाई में पैरी उद्गम स्थल है जहां मंदिर का निर्माण किया गया है। पैरी का उद्गम बड़े पत्थर के चट्टान के बीच से हुआ है जहां एक कुंड से लगातार पानी की धार निकल रहती है जहां बारहो माह पानी भरा रहता है यह पानी की धार पहाड़ी के नीचे कुछ दूरी पर खेत मे नजर आता है और आगे चलकर ये त्रिवेणी संगम राजिम मे मिलता है। जहां कुंभ का आयोजन किया जाता है।

## श्री राधाकृष्ण मंदिर में 68301 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

श्री राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में भक्तो द्वारा सावन के पहला सोमवार को 68301 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। शिवलिंग निर्माण के लिए पराट, मिट्टी की गोलियां, दुध दही, बिल्वपत्र एं पूजन सामग्री भक्तों को दी गई। पंडित देवेंद्र महाराज के मंत्रोच्चार के बीच 5 ब्राम्हण पूरे विधिविधान से अभिषेक एवं आरती कराए। पूजा के बाद पार्थिव शिवलिंग को महानदी में विसर्जित किया गया। बताया गया है कि सभी भक्तों को पूजा के लिए जितना भी दुध लगेगा उसकी व्यवस्था राजू बजरंगलाल काबरा परिवार एवं बीणा-गोपाल अग्रवाल की ओर से प्रदान किया जाएगा। प्रथम सोमवार को भोजन प्रसादी की व्यवस्था भक्तों के सहयोग से की गई। मंदिर प्रवेश के दौरान भक्तों के माथे पर ओम नमः शिवाय का तिलक लगाया गया। शिवलिंग निर्माण के दौरान सालासर समिति के नेमी साहू द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई। इस बार बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों के कारण मिट्टी के बनाए गए गोले जल्द खत्म हो गया। अगले सोमवार 21 जुलाई को कुछ अधिक व्यवस्था रखी जाएगी। राजू काबरा ने शिवभक्तो से आग्रह किया कि शेष तीनो सोमवार को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजा में शामिल होवें।



## सर्व ब्राह्मण समाज, युवा व महिला मंच का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सर्व ब्राह्मण समाज युवा मंच गरियाबंद जिला एवं राजिम नगर का पुनर्गठन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अध्यक्षता, मंच के राष्ट्रीय संगठन सचिव तनु मिश्रा, प्रदेश सचिव छाया राही शर्मा तथा सीमा शर्मा व जिला अध्यक्ष किरण तिवारी की उपस्थिति में स्थानीय गेस्ट हाउस में बैठक आहूत की गई। सर्वसम्मति से सुश्री छाया राही शर्मा को महिला मंच के राष्ट्रीय सचिव के पद पर घोषित किया गया। युवा मंच के जिला अध्यक्ष जय शर्मा तथा नगर अध्यक्ष श्रेयांश शर्मा चुने गए। जिला उपाध्यक्ष दिव्यांश शर्मा, सचिव आयुष शर्मा, कोषाध्यक्ष आयुष तिवारी, सह कोषाध्यक्ष गौतम शर्मा, मीडिया प्रभारी चंदन पांडे, सास्कृतिक प्रमुख संस्कार मिश्रा, नगर सचिव अभय शर्मा, सचिव वैभव आदित्य दुबे चुने गए। युवा मंच में प्रदेश सचिव के पद पर आयुष रंजन तिवारी, प्रदेश प्रचार सचिव के पद पर लोकेश शर्मा प्रदेश संगठन सचिव वेदांत शर्मा का चयन हुआ। महिला मंच के जिला महासचिव ईश्वरी शर्मा चुने गए। उक्त अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा की नारी शक्ति और युवा शक्ति देश व समाज के इतिहास को बदलने की ताकत रखते हैं। देश को संस्कारवान बनाने, संस्कृति की रक्षा करने तथा विकास को गति देने के प्रयास में ब्राह्मण समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। देश को आगे बढ़ाने में सदैव मुख्य धारा रहे हैं। समाज मजबूत रहेगा तो देश समृद्ध रहेगा, इसलिए समाज को सशक्त बनाने में पूरी ताकत के साथ जुट जाएं। महिला मंच राष्ट्रीय सचिव छाया राही शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर पर महिलाओं को संगठित करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। राष्ट्रीय संगठन सचिव तनु मिश्रा ने नारी शक्ति व युवा शक्ति को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए आश्वस्त किया। जनपद सदस्य व प्रदेश सचिव सीमा शर्मा ने संगठित समाज की शक्ति का बोध कराया। सामाजिक शक्ति को जितना बढ़ाएंगे उतना ही इसका लाभ भावी पीढ़ी को होगा। महिला मंच जिला अध्यक्ष किरण तिवारी ने शीघ्र ही जिले का दौरा कर कार्यकारिणी गठन एवं जिला स्तरीय आयोजन करने की बात कही। संचालन जय शर्मा एवं प्रतिभा शर्मा तथा आभार योगिता शर्मा एवं लता दुबे ने किया। बैठक में गरियाबंद जिला के विविध क्षेत्रों से समाज के पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल हुए।



**गुरु पूर्णिमा उत्सव में स्वयंसेवकों को दिया राष्ट्र निर्माण का संदेश**

# संघ का समर्पण राष्ट्र की रीढ़ है : डॉ.सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गुरुपूर्णिमा उत्सव में मुख्य वक्ता डॉक्टर पूर्णेन्दु सक्सेना क्षेत्र संघचालक मध्यक्षेत्र रहे। मंच पर गरियाबंद जिला संघचालक प्रेमलाल साहू एवं नगर संघचालक एवं सह सनत चौधरी, डॉ के आर सिन्हा तथा गोपाल यादव सह प्रांत कार्यवाह, हरिओम शर्मा प्रांत कुटुंब प्रबोधन प्रमुख रायपुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना क्षेत्र संघचालक, मध्यक्षेत्र एवं संचालक, वी.वाय. हॉस्पिटल ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु पूजन का उत्सव संघ के लिए केवल एक परंपरा नही, बल्कि अत्यंत भावनात्मक और संकल्पपूर्ण आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य है-ये देश मेरा है, देश के लिए कुछ करना है। तन-मन-धन राष्ट्र के कल्याण में लगाना ही संघ का मूल भाव है। यह संगठन स्वयंसेवकों की समर्पित राशि से चलता है, यही कारण है कि संघ हमेशा ऊपर रहता है। उन्होंने कहा कि संघ अपने पैरों पर खड़े होकर कार्य करता है। समर्पण राष्ट्र के लिए रीढ़ की हड्डी की तरह है। आज संघ को केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं, समय का भी योगदान चाहिए। समर्पण जीवन का स्थायी भाव बनना चाहिए। डॉ. सक्सेना ने कहा कि संघ में क्या कर सकता हूं-ऐसी सोच वाले स्वयंसेवकों का निर्माण करता है। 100 वर्षों की यात्रा पूर्ण करने की ओर अग्रसर संघ अब स्वयंसेवकों से अपने आचरण, व्यवहार और संस्कार के माध्यम से समाज में योग्य परिवर्तन लाने की अपेक्षा रखता है। परिवारों में अच्छे संस्कार बच्चों को दिए जाएं ताकि समृद्ध राष्ट्र का निर्माण हो। समाज में बिना किसी भेदभाव और छुआछूत के सभी वर्गों को संगठित करना संघ का दूसरा आग्रह है।





**विदेशी वस्तुओं से दूरी बनाएं-** पर्यावरण की चिंता जताते हुए कहा कि हमारे छोटे-छोटे आचरणों से बड़ा बदलाव संभव है। कुम्भ मेले में कपड़े की थैलियों और बर्तनों के प्रयोग से हमने पर्यावरण सुधार की दिशा में सार्थक प्रयास किया है। इसके साथ ही उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने की बात कही और विदेशी वस्तुओं से दूरी बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज और मजबूत राष्ट्र के लिए शिक्षा के साथ नागरिक दायित्वों का पालन आवश्यक है। स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे इन बातों को अपने जीवन में अपनाएं और इसी को सच्चा समर्पण मानें। पूजन समर्पण उत्सव में नगर के 175 स्वयंसेवकों ने समर्पण किया। कार्यक्रम में रमेश पहाड़िया, अशोक गंगवाल, ब्रह्मदत्त शर्मा, विजय गोयल, विधायक इंद्रकुमार साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, डॉ केआर सिन्हा, डॉ. पुनीत गोस्वामी, सौरभ भांडगे, राजेश्वर पटेल, डॉ. तेजेन्द्र साहू, डॉ. उमा गुप्ता, डॉ. एडिशन मालाकार, डॉ. रामगोपाल यादव, किशोर नागवानी, राजेश छाबड़ा तथा सिंधु सेवा मंडल के कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही।

